छत्तीसगढ़ी भाषा एम.ए. पास आउट रोजगार की मांग को लेकर 11 को देंगे धरना

रायपुर, 07 फरवरी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी भाषा में एम.ए.पाठयक्रम प्रारंभ किये लंबा अर्सा हो चुका है। बावजूद इसके एमए पास आउट विद्यार्थियों को विभिन्न स्कूलों में एवं महाविद्यालयों में छत्तीसगढ़ी भाषा पढ़ाने के लिए शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया है। ज्ञातव्य है कि छग विधानसभा में छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। बकायदा अध्यन का कार्य भी छत्तीसगढ़ी में विश्वविद्यालय में करवाया जा रहा है। बावजूद इसके अभी तक एमए पास आउट विद्यार्थियों को नियुक्ति नहीं मिल पाई है। छत्तीसगढ़ी भाषा एमए पास यूनियन के अध्यक्ष ऋतु राज साहू से मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों में रिक्त पदों पर शिक्षाकर्मी नियुक्त करने की मांग को लेकर संघ के सदस्य 11 फरवरी को बूढ़ापारा धरना स्थल में एक दिवसीय धरना देंगे।

विश्व हिन्दू परिषद ने पंजीयक को बर्खास्त करने की मांग को लेकर जिला पशु चिकित्सालय का किया घेराव

रायपुर, 07 फरवरी । विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी यो ने प्राणी अस्पताल को 24 घंटे 7 तो दिनरात चालु करने की मांग को लेकर घेराव किया। डॉ शकर लाल उइके जो की अस्पताल के सयुक्त संचालक भी उन्हें बर्खास्त करने की माग कि।।

शकर उइके के गौ सेवा आयोग के पंजीयक रहते गौ हत्या व अन्य भ्रष्ट चार हुए कमिशन का बड़ा खेल इन्ही के मार्ग दर्शन में हुवा है ऐसे भ्रष्ट व्यक्ति को बर्खास्त करने के लिए गौ भक्त सडक में आकर अस्पताल का घेराव किये।व ज्ञापन दिया अधिकारियों के आसवासन दिया की 12 घंटे हर दिन खुला रहेगा। 24 घंटे 1 महीने बाद खुलेगा। जिसमे समस्त जीवो का इलाज भी मिलेगा। इन्ही आस्वाशन पर गौ भक्त प्रदेशन कर लोटे। घेराव में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिशद के गौ रक्षा के सह प्रान्त सयोजक ओमेश बिसेन बजरंग दल सयोजक ऋषि मिश्रा

सह सयोजक रवि वाधवानी महानगर प्रमुख अंकित दिवेदी जिला मंत्री हरदीप सिंग सेनी व कोटा, गुड्यारी, बीरगाव,व अन्य जिलो से आये पदाधिकारी म्जुद थे। प्राणी अस्पताल 14 वर्षो से बन रहा है 2 वर्ष से पूर्ण होकर खड़ा अफसर साही की वजह से अस्पताल चालु नही हो पाया है। लगातार आगे भी आन्दोलन चलता रहेगा।

अजीत जोगी की चुनौती यात्रा 11 को

रायपुर, 07 फरवरी पूर्व सीएम अजीत जोगी 11 को राजनांदगांव में चुनौती यात्रा कर एक सभा को संबोधित करेंगे। सभा में ही वे राजनांदगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान करेंगे।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संस्थापक अजीत जोगी द्वारा राजनांदगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं। इसके पूर्व वे रायपुर से राजनांदगांव तक यात्रा करने जा रहे हैं। इस यात्रा को चुनौती यात्रा का नाम दिया गया है। जकांछ के सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा का नेतृत्व पार्टी प्रमुख श्री जोगी स्वयं करेंगे। उनके साथ पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों की माने तो राजनांदगांव के दिग्विजय कालेज मैदान में यात्रा समाप्ति होगी और इसके पश्चात यहां एक विशाल आमसभा होगी। आमसभा में श्री जोगी विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान करेंगे। ज्ञात हो कि श्री जोगी के राजनांदगांव से चुनाव लड़ने की खबर सार्वजनिक होने के बाद से ही बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। भाजपा, कांग्रेस के नेता श्री जोगी के इस निर्णय को लेकर अपनी-अपनी टिप्पणी दे रहे हैं। बहरहाल श्री जोगी के चुनाव लड़ने की बात सामने आने के बाद प्रदेश में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहा है। भाजपा के साथ ही कांग्रेस के रणनीतिकार अब विधानसभा चुनाव के लिए नए सिरे से समीकरण बनाने में जुट गए हैं। हालांकि चुनाव के लिए अभी काफी समय है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां अभी से चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं।

इस महीने जिलों को 20.54 लाख क्विंटल राशन सामग्री आवंटित

रायपुर, 07 फरवरी। राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चालू माह फरवरी के लिए प्रदेश के सभी 27 जिलों को 20 लाख 54 हजार 699 क्विंटल राशन सामग्री का आवंटित किया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आवंटन में 18 लाख 28 हजार 644 क्विंटल चावल, 40 हजार 590 क्विंटल गेहूं, 57 हजार 031 क्विंटल शक्कर, 47 हजार 601 क्विंटल चना और 80 हजार 833 क्विंटल आयोडिन युक्त नमक शामिल है। जिलों को आवंटित इस राशन सामग्री का वितरण सभी श्रेणी के राशनकार्ड धारकों के अलावा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी केन्द्रों में महतारी जतन एवं पूरक-पोषण आहार योजना, छात्रावासों तथा विभिन्न कल्याणकारी संस्थाओं के लिए भी किया जाएगा।

0 मुख्यमंत्री जनदर्शन में ज्ञापन सौंपने पर सीएम ने दिया 1 लाख का अनुदान

प्रदेश के 236 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को दवा नहीं मिल रही-मध्यानी

रायपुर, 07 फरवरी (ए)। प्रदेश में बच्चों में पाई जाने वाली थैलेसीमिया की बीमारी प्राणघातक है। समय पर उपचार एवं दवा उपलब्ध नहीं होने पर पीड़ित मरीज की जान भी जा सकती है। थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों को रक्त उपलब्ध कराने एवं दवाओं की निःशुल्क आपूर्ति किये जाने का बीड़ा थैलेसीमिया सोसायटी ने 1998 में उठाया था। जिसे अब तक जनसहयोग के जरिये जारी रखा गया है। यह जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में थैलेसीमिया सोसायटी के अध्यक्ष दुर्गादास मध्यानी ने दी। मध्यानी ने बताया कि दवाओं को उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायपुर एवं संचालक छग स्वास्थ्य सेवाएं को संस्था के द्वारा पत्र लिखकर पीड़ित बच्चों को तत्काल दवा उपलब्ध कराने की मांग की थी। बावजूद इसके सीएमओ रायपुर द्वारा फंड आबंटन नहीं होने की जानकारी देते हुये फंड मिलने पर ही दवा उपलब्ध कराने की जानकारी दी। मध्यानी ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे पूरे प्रदेश में 236 है। जबकि रायपुर जिले में यह संख्या 94 है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संस्था द्वारा 4 -5 माह पूर्व संस्था के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी डा. रमन सिंह से मुलाकात की गई थी। समस्या सुनने के तत्काल बाद उन्होंने थैलेसीमिया सोसायटी के जरिये पीड़ित बच्चों को मिल रही मदद के वास्ते 1 लाख रू की अनुदान राशि तत्काल प्रभाव से अधिकारियों को जारी करने के निर्देश दिये। मध्यानी ने बताया कि उनकी संस्था के सदस्यों द्वारा एवं दानदाताओं के सहयोग से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक मात्रा में रक्त एकत्र करने का कार्य किया जाता है। साथ ही दवाएं भी निःशुल्क थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने ब्लड बैंक द्वारा पुराना रक्त उपलब्ध कराने पर चिंता जताते हुये मेकाहारा के ब्लड बैंक अधिकारी से ताजा रक्त पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को उपलब्ध कराने की मांग की है। मध्यानी ने बताया कि उनकी जानकारी में पीड़ित बच्चे का एचबी किसी भी दशा में 10 ग्राम से कम नहीं होना चाहिए। 10 ग्राम से कम एचबी होने पर पीड़ित मरीज बच्चे की जान को खतरा हो सकता है।

पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ेगा

रायपुर 7 फरवरी । विधानसभा के चालू बजट सत्र में पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ने के आसार हैं। इसके लिए राज्य वित्त आयोग ने अंतरिम प्रतिवेदन पर अनुमोदन कर सरकार के पास फाइल पहले ही भेज दी है।

भावी चुनावी वर्ष के मद्देनजर इसके सकारात्मक परिणाम आने के आसार हैं। व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए जनपद पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष डीपी सिन्हाए सरपंचए महासंघ के हिम्मत चंद्राकरए खिलावन शर्माए प्रदेश भर के जिला पंचायत सदस्य समेत बहुत लोग मानदेय बढ़ाने की मांग लगातार करते आ रहे हैं। इसके पहले उनकी तीन वार्ता राज्य के तत्कालीन एसीएस एमके राउत से हुई थी। इसके बाद उन्होंने उनकी मांग की फाइल आगे बढ़ा दी थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसी क्रम में राज्य के वित्त आयोग के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू से इसके लिए पहल करने की मांग की थी। वित्त आयोग के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय सम्माजनक बढ़ाने के अंतरिम प्रतिवेदन पर अनुमोदन कर दिया है। इससे सरकार को किसी प्रकार की व्यवहारिक दिक्कत नहीं होगी। न ही कोई इसे राजनीतिक मामला बता सकता है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ स्कवैश एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

रायपुर, 07 फरवरी । मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को छत्तीसगढ़ स्कवैश एसोसिएशन में सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहां कार्यालय में एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें संस्था के सचिव विष्णु श्रीवास्तव ने बैठक में संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन और पिछली बैठक का पालन प्रतिवदेन प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन कराया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री को राज्य में स्कवैश खेल की गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद नई कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया। साथ ही नई कार्यकारिणी की घोषणा भी हुई। जिसमें उपाध्यक्ष सुलता उसेंडी, मनोज अग्रवाल, डॉ ए.फरिश्ता, राकेश पांडे, मनीष रिछारिया और सचिव विष्णु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मंदीप चांवला सह सचिव डॉ आलोक दुबे, संदीप गोविलकर, विनीत सक्सेना, मूलचंद जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण रिछारिया, डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय सहित अन्य शामिल हैं। इस कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव विक्रम सिसोदिया सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

राज्य में 18.15 लाख से अधिक गरीब परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन जारी

रायपुर, 07 फरवरी । छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अब तक 18 लाख 15 हजार 800 गरीब परिवार की महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन जारी किया जा चुका है। राज्य में इस योजना की शुरूआत 13 अगस्त 2016 को हुई थी।

योजना के तहत पिछले वित्तीय वर्ष 2016-17 में दस लाख रसोई गैस कनेक्शन और चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में अभी तक आठ लाख 15 हजार 800 कनेक्शन जारी किया गया है। योजना के तहत सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना 2011 की सूची में शामिल प्रत्येक चयनित परिवार को सिर्फ 200 रूपए के पंजीयन शुल्क पर निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन, डबल बर्नर चूल्हा और पहला भरा हुआ सिलेण्डर मुफ्त दिया जा रहा है।

औद्योगिक असमानता दूर करने एससी-एसटी उद्यमियों को नए उद्योग स्थापना में प्राथमिकता : अमर अग्रवाल

0-नेशनल एससी-एसटी हब योजना के तहत उद्यमियों का सम्मेलन

नेशनल एससी-एसटी हब
National SC-ST Hub
State Conclave
NSIC

रायपुर, 07 फरवरी । उद्योग मंत्री अमर अग्रवाल ने आज यहां नेशनल एससी-एसटी हब योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लघु उद्यमियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार के उद्योग विभाग के सहयोग से किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 500 एसटी-एससी वर्ग के उद्यमी, बैंकर्स और सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधि शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता सीएसआईडीसी के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा ने की। अग्रवाल ने कहा उद्योग के क्षेत्र में एस.टी.एस.सी. हितग्राहियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलायी जा रही है। वास्तव में देश का समन्वित विकास तभी होगा जब समाज के सभी तबके के लोगों की आर्थिक विकास में समान भागीदारी होगी।

मुख्य अतिथि की आसंदी से अमर अग्रवाल ने कहा कि आजादी के बाद देश ने काफी तरक्की की है । लगभग सभी सेक्टरों में देश की प्रगति हुई है। लेकिन प्रगति में समाज के सभी तबके के लोगों की भागीदारी बराबर नहीं है। एससी और एसटी समूह के लोगों की भागीदारी तो और कम है। विशेषकर औद्योगिक विकास के क्षेत्र में। केन्द्र और राज्य सरकार समाज के ऐसे लोगों को भी उद्योग खोलने और इसे बढ़ाने की इच्छा रखती है। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्रालय में एससी-एसटी उद्यमियों को फोकस में लेते हुए अलग से प्रकोष्ठ का गठन किया है। पंजीयन से लेकर विपणन तक समवेत नीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय विचार को मूलमंत्र माना गया है। और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए उद्योग स्थापना से लेकर फाईनेंसिग और मार्केटिंग में भी कई तरह की रियायत और सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा भी औद्योगिक एरिया में एसटी-एससी वर्ग के नए उद्यमियों को निःशुल्क भूमि आवंटन के साथ ही कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करती है। औद्योगिक विकास के लिहाज से विकासशील और पिछड़े जिलों में उद्योग स्थापना के लिए अलग से आरक्षण भी प्रदान किया जाता है। अग्रवाल ने कहा कि सरकार एससी-एसटी उद्यमियों के लिए अलग से पैकेज लेकर आई है। इनका लाभ उठाएं और औद्योगिक विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर देश के विकास में अपनी हिस्सेदारी निभाएं।

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) के डायरेक्टर पी.जी.एस. राव ने नेशनल एससी-एसटी हब योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है। राव ने केन्द्र सरकार के वर्ष 2012 में जारी निदेश का हवाला देते हुए बताया कि कोई भी पीएसयू अपनी जरूरत के 20 प्रतिशत सामानों की खरीदी एमएसएमई उद्यमियों से खरीदेगा। इनमें भी 4 प्रतिशत की खरीदी एससी-एसटी हितग्राहियों से खरीदी की जानी चाहिए। इस आदेश का पालन ठीक तरीके से नहीं हो रहा था। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रालय में अलग से प्रकोष्ठ बनाकर एससीएसटी हब के नाम से योजना लांच की है। अब इस आदेश का पालन अनिवार्य कर दिया गया है। एससी-एसटी उद्यमियों के कौशल विकास सहित मार्केटिंग, लोन आदि तमाम प्रकार की सहायता करना इस योजना का उद्देश्य है।

मेहनत का मूल्य नहीं जानते हैं कांग्रेसी –भाजपा

रायपुर 7 फरवरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व आरडीए अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस द्वारा मेहनतकश लोगों का मजाक उड़ाने पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए कहा कि कांग्रेस की संस्कृति बिना मेहनत भ्रष्टाचार के माध्यम से और परिवारवाद के सहारे आराम तलब तरीके से जीवन गुजारने की रही है। इसी कारण वो कभी चाय बेचने का तो कभी पकौड़े बेचने का मजाक बनाने का घृणित कार्य करते हैं। उन्होंने कहा किन्तु देश की जनता श्रम की सार्थकता को सम्मान देती है तभी उसने एक साधारण चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी सौंप दी है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अपने आकाओं को खुश करने कांग्रेस के कार्यकर्ता जिस तरह नुक्कड़ों पर पकौड़ा बेचने का प्रदर्शन कर रहे हैंए वह मेहनतकश वर्ग का अपमान है तथा जनता समय आने पर इसका उचित जवाब देगी।

;रायपुरद्ध सत्ता का वनवास खत्म करने बुजुर्गों का सहारा लेगी कांग्रेस

रायपुर ;ईएमएसद्ध। एक कहावत है कि जब कोई रास्ता न सूझे और कठिन राह को सरल बनाना हो तो अपने बुजुर्गों की शरण ले लेनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में सत्ता का वनवास झेल रही कांग्रेस भी इसी राह पर चलने की तैयारी कर रही है। विधानसभा चुनाव सामने हैं और अब कांग्रेस को अपने पुराने लोगों की याद आ रही है। उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की ताकीद के बाद अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपने पुराने बुजुर्ग कार्यकर्ताओं की टोह लेने की कोशिशें प्रारंभ कर दी हैं। राज्य कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में राज्य के अलग.अलग हिस्सों में सगंठन के पुर्नगठन के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। कमलेश्वर ने बताया कि कभी काफी सक्रिय रहे कांग्रेस के वह सदस्यए जो अब किन्ही कारणों से निष्क्रिय हो गए हैंए उन्हें सक्रिय करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए बूथए सेक्टर और जोन कमेटियों का पुनर्गठन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी दिलाने से लेकर अब तक की कांग्रेस की उपलब्धि और केंद्र और राज्य सरकार की विफलता का संदेश गांव.गांव घर.घर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए राहुल गांधी ने खासतौर पर टिप्स दिए हैं। रायपुर शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष विकास उपाध्याय का मानना है कि कार्यकर्ता जब अपने गांव.शहर में आंदोलन तेज करेंगेए तो इसकी मारक क्षमता ज्यादा होगी।

सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य की संकल्पना को साकार हम सबको मिलकर करना होगा - प्रभा दुबे

रायपुर 7 फरवरी। छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती प्रभा दुबे ने प्रदेश में बाल हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही सभी संस्थाओं और व्यक्तियों से अपील की है कि वे सभी अपनी संस्था की सम्पूर्ण जानकारी 10 फरवरी तक आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराएँ ण्उन्होंने कहा कि ष्सुरक्षित बचपन दृसुरक्षित भविष्यष् की संकल्पना को साकार करने और एक मजबूत पीढ़ी के निर्माण के लिए की छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग प्रतिबद्ध है और इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयत्न करना होगाण्णइसी दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा प्रदेश में बाल अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध और बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए कार्य कर रही संस्थाओं और व्यक्तियों का सर्व सुलभ डाटा बेस तैयार किया जा रहा हैण् इससे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश और यहाँ के दूरस्थ अंचलों में बच्चों के हितों के लिए कार्य कर रही संस्थाओं और व्यक्तियों के बारे में एक ही क्लिक में जानकारी प्राप्त की जा सकेगीण्साथ ही किशोर न्याय अधिनियम 2015 एलैंगिक उत्पीड़न से बच्चों की रोकथाम अधिनियम 2012ए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009एबाल श्रम प्रतिषेध 1986 और 2016एबाल विवाह प्रतिषेध अधियम 2006ए भिक्षावृत्ति की रोकथाम आदि के क्रियान्वयन में इन संस्थाओं और व्यक्तियों के अनुभव का लाभ भी आयोग को मिल सकेगाण् उन्होंने बताया कि इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा इस क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं एवं व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव आमंत्रित किये गए हैं ण्यह प्रपत्र आयोग की वेब साईट डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट सी जी एस सी पी आर डॉट कॉम पर उपलब्ध है ण् इसके लिए अंतिम तिथि 10 फरवरी 2018 नियत की गयी है ण

वेलेंटाइन डे की तैयारियां जोर शोर से सुरक्षा के होंगे तगड़े इंतजाम

रायपुर, 07 फरवरी । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के युवा 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाने की तैयारियां जोर शोर से कर रहे है। विभिन्न युवाओं ने चर्चा के दौरान बताया कि वे अपने मित्र को इस वर्ष अनोखा उपहार देने की सोच रहे है। शहर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों एवं माल्स में तरह-तरह उपहार बिक्री के लिए उपलब्ध कराये जा रहे है। युवतियों ने जहां अपने युवा साथियों को बेहतरीन परफ्यूम एवं ग्रिटिंग कार्ड सहित अनेक आकर्षक उपहारों से खुश करने की सोची है। वहीं युवक अपनी गर्लफ्रेंड को जींस ईत्र ईयर रिंग लाकेट सहित विभिन्न उपहार से नवाजने की तैयारियां कर रहे है।

गौरतलब है कि इस बार महाशिवरात्रि एवं वेलेंटाइन डे एक ही दिन पड़ रहा है। साथ ही विधानसभा का सत्र भी जारी है। इसे देखते हुये पुलिस महानिदेशक छग ने प्रदेश के सभी पुलिस महानिरीक्षकों को एवं पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सर्तकता बरते जाने के निर्देश सुरक्षा के मददेनजर दिये है। वेलेंटाइन डे के दिन बाग बगीचों होटलों एवं माल्स में पुलिस सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किये जाएंगे।